एम.पी.ए.-037

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
(पी.जी.डी.डी.आर.आर.एम.)

सत्रीय कार्य

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र में नामांकित छात्रों के लिए

कोर्स कोडः एम.पी.ए. 037
व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन

सामाजिक विज्ञान विधापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रिय विधार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम मार्गदर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है: i) सत्रीय कार्य के माध्यम से सतत् मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परिणाम में, पाठ्यक्रम केसत्रीय कार्य का 30 प्रतिशत भारांक होता है, जबकि 70 प्रतिशत भारांक सत्रांत परीक्षा के लिए दिया जाता है।

आपको दो क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए एक शिक्षक अंकित सत्रीय कार्य (टीएमए) करना होगा। यह पाठ्यक्रम,**"व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन"(एम.पी.ए.** 037), चारक्रेडिट कापाठ्यक्रम है। इस सत्रीय कार्य में एक टीएमए है, जिसके कुल अंक 100 हैं और इसका 30 प्रतिशत भारांक होता है।

सत्रीय कार्य का प्रयास करने से पहले कृपया कार्यक्रम मार्गदर्शिका में दी गई निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह आवश्यक है कि आप टीएमए में पूछे गए सभी प्रश्नों का प्रयास करें और उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर एक निश्चित प्रश्न के लिए निर्धारित शब्द सीमा के भीतर होने चाहिए। ध्यान रखें किसत्रीय कार्य प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन क्षमता में सुधार होगा और यह आपको सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार करेगा।

जैसा कि कार्यक्रम मार्गदर्शिका में बताया गया है, आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निर्धारित समय के भीतर सभी सत्रीय कार्य जमा करने होंगे।

सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) जमा करने की प्रक्रिया:

प्रवेश सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	जमा करने का स्थान
जुलाई 2025 सत्र के नामांकित विधार्थी	31 मार्च 2026	विधार्थी के अध्ययन केंद्र के समन्वयकके पास
जनवरी 2026 सत्र केनामांकित विधार्थी	30 सितंबर 2026	

आपको जमा किए गएसत्रीय कार्य की रसीद अध्ययन केंद्र से प्राप्त करनी होगी और इसे सुरक्षित रखना चाहिए। यदि संभव हो, तोसत्रीय कार्य की एक फोटो कॉपी अपने पास रखें।
अध्ययन केंद्र कोसत्रीय कार्य का मूल्यांकन करने के बाद आपको सत्रीय कार्यवापस करना होगा। कृपया इस पर जोर दें। अध्ययन केंद्र को अंकों को इग्नू, नई दिल्ली के छात्र मूल्यांकन प्रभाग में भेजना होता है।
हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सत्रीय कार्य में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार दें। आपको निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना उपयोगी होगाः

1) **योजनाः**सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़ें, उन इकाइयों को देखें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** उत्तर की प्राथमिक रूपरेखा बनाने से पहले थोड़ा चयनात्मक और विश्लेषणात्मक रहें। अपनी भूमिका और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें कि आपका उत्तरः

i) तार्किक और संगत हो;

ii) वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध हो, और

iii) सही ढंग से लिखा गया हो, जिसमें आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति का पर्याप्त ध्यान हो।

3) **प्रस्तुतिः** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हों, तो अंतिम संस्करण को प्रस्तुत करने के लिए साफ–सुथरे ढंग से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करें। यह सुनिश्चित करें कि उत्तर निर्धारित शब्द सीमा के भीतर हो।

आपको शुभकामनाएं!

कार्यक्रम समन्वयक
लोक प्रशासन संकाय
सामाजिक विज्ञान विधापीठ, इग्नू, नई दिल्ली

एम.पी.ए.–037: व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन
(टीएमए)

कोर्स कोड : एमपीए–037
सत्रीय कार्यकोड : ए.एस.एस.टी/टीएमए/2025–26
अंक : 100

यह सत्रीय कार्य भाग–I और भाग–II में विभाजित है। प्रत्येक भाग में पांच प्रश्न हैं। आपको सभी प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक हैं।

भाग– I

1. व्यावसायिक खतरों को संबोधित करने की आवश्यकता और इसके विभिन्न प्रकारों पर चर्चा कीजिए। 10
2. व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र का वर्णन कीजिए। 10
3. कार्यस्थल पर तनाव के स्वास्थ्य और कर्मचारियों के कार्य–प्रदर्शन पर प्रभाव की जाँच कीजिए। 10
4. कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर राष्ट्रीय नीति की समीक्षा कीजिए और अग्रिम कार्यनीति सुझाइए। 10
5. निम्नलिखित पर लगभग 200 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:
   क) स्वास्थ्य–निर्धारक 05
   ख) अस्वस्थता अनुपस्थिति 05

भाग– II

6. पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पर्यावरण कानूनों को आकार देने वाले ऐतिहासिक न्यायालय के केसों/निर्णयों को उजागर कीजिए। 10
7. आग की सूचना देने और प्रतिक्रिया की प्रक्रिया में शामिल महत्वपूर्ण चरणों का उल्लेख कीजिए। 10
8. दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है? 10
9. "भारत में संगठित क्षेत्र में व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति असंगठित क्षेत्र की तुलना में बेहतर है क्योंकि असंगठित क्षेत्र में अनेक चुनौतियाँ हैं।" सविस्तार उल्लेख कीजिए। 10
10. निम्नलिखित पर लगभग 200 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:
    क) पारी/पाली के कर्मचारियों में नींद विकार 05
    ख) जैविक जोखिम 05